पाक्षिक
खबर आस पास
भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र
'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'
संपादक : सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com
वर्ष : 1 अंक : डिजिटल बीकानेर : बुधवार 24 जून 2026 पृष्ठ : 4 मूल्य : 1.00 रुपया

## 27 करोड़ के पंत 15 करोड़ में दिल्ली कैपिटल्स लौटे; 13.50 करोड़ में कुलदीप लखनऊ में शामिल, दोनों टीमों के बीच ट्रेड हुआ




**नई दिल्ली एजेन्सी।** IPL इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत की दिल्ली कैपिटल्स (DC) में वापसी हो गई है, जबकि स्पिनर कुलदीप यादव अब लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के लिए खेलेंगे। दोनों टीमों के बीच यह ट्रेड हुआ है। इस IPL के बाद पंत ने लखनऊ की कप्तानी छोड़ दी थी।लखनऊ ने IPL 2025 के ऑक्शन में पंत को रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था, जो IPL इतिहास की सबसे बड़ी बोली थी। अब ट्रेड के बाद वे 15 करोड़ रुपए की फीस पर दिल्ली से जुड़े हैं। वहीं, कुलदीप यादव 13.50 करोड़ रुपए की अपनी मौजूदा फीस पर लखनऊ में शामिल हुए।

**पंत पहले भी 9 सीजन दिल्ली के लिए खेले**

पंत एक बार फिर उसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बन गए हैं, जहां उन्होंने साल 2016 से 2024 के बीच अपने करियर के 9 सीजन बिताए थे। दिल्ली कैपिटल्स के लिए पंत ने अब तक कुल 111 मैच खेले हैं। उन्होंने तीन सीजन में 43 मुकाबलों में दिल्ली की कप्तानी भी की। हालांकि 2025 मेगा ऑक्शन से पहले तस्क्रग्रुप के साथ कुछ मतभेदों के बाद उन्हें रिलीज कर दिया गया था।

# ईरान बोला- होर्मुज अब पहले जैसा नहीं रहेगा : इसकी देखरेख हम अपने तरीके से करेंगे, अमेरिका पर भरोसा नहीं

**नई दिल्ली एजेन्सी।** ईरान के संसद अध्यक्ष और अमेरिका-ईरान बातचीत में अहम वार्ताकार मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट अब युद्ध से पहले जैसी स्थिति में नहीं लौटेगा। उन्होंने कहा कि इस अहम समुद्री मार्ग की देखरेख आगे ईरान अपने तरीके से करेगा, हालांकि अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन जारी रहेगा।


ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी प्रेस टीवी के मुताबिक, स्विट्जरलैंड में अमेरिका के साथ तकनीकी बातचीत के पहले दौर के बाद गालिबाफ ने दोहराया कि ईरान को अमेरिका पर भरोसा नहीं है। गालीबाफ ने कहा, हमने कभी अमेरिकियों पर भरोसा नहीं किया, आज भी नहीं करते और भविष्य में भी सावधान रहने में ही समझदारी होगी। दूसरी ओर, ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान अपने परमाणु ठिकानों की अंतरराष्ट्रीय जांच के लिए तैयार हो गया है। हालांकि, ईरान ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि परमाणु मुद्दे पर कोई नई सहमति नहीं बनी है। वहीं, स्विट्जरलैंड में बातचीत के बाद अमेरिका ने ईरानी तेल पर कुछ पाबंदियों में 60 दिन की ढील दी है।

**पाकिस्तान बोला- इजराइल के कारण अमेरिका-ईरान बातचीत फेल हो सकती थी**

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत शुरू कराने की कोशिशें लगभग फेल हो गई थीं। इजराइल के लेबनान पर हमले के बाद हालात इतने खराब गए थे कि बातचीत आगे बढ़ना मुश्किल हो गया था। डार ने कहा कि यह बातचीत कुछ दिन पहले ही शुरू हो सकती थी, लेकिन क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के कारण इसमें देरी हुई। गौरतलब है कि स्विट्जरलैंड में हुई अमेरिका-ईरान बातचीत के दौरान पाकिस्तान और कतर ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी।




### ईरान बोला- समझौता तभी सफल होगा, जब वादे पूरी तरह निभाए जाएं



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा है कि अमेरिका के साथ हुई बातचीत की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि दोनों पक्ष अपने वादों को कितना पूरा करते हैं।

उन्होंने एक्स पर लिखा, 'बातचीत तभी असरदार होगी, जब तय जिम्मेदारियों का पूरी तरह पालन किया जाएगा। इस दिशा में प्रगति का आकलन भी इसी आधार पर होगा कि दोनों पक्ष अपने वादे कितनी ईमानदारी से निभाते हैं।'

पजशकियान आज पाकिस्तान के आधिकारिक दौरे पर जाएंगे। इस दौरान उनकी पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात होने वाली है।

**रिपोर्ट- होर्मुज स्ट्रेट से 3 दिन में 71 जहाज गुजरे**

डेटा और एनालिटिक्स कंपनी केप्लर के मुताबिक, शुक्रवार से रविवार के बीच होर्मुज स्ट्रेट से 71 जहाज गुजरे। इनमें सबसे ज्यादा 35 जहाज शनिवार को स्ट्रेट पार करते देखे गए। हालांकि, यह संख्या अब भी युद्ध से पहले के स्तर से काफी कम है। युद्ध से पहले इस अहम समुद्री मार्ग से रोजाना औसतन 100 से 130 जहाज गुजरते थे।

**ईरान बोला- युद्ध के दौरान यूरोप का रवैया गैरजिम्मेदाराना रहा**

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने युद्ध के दौरान यूरोपीय देशों के रुख की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में अपनाई गई नीतियों की वजह से यूरोपीय देशों का असर कम हो गया है। अल जजीरा के मुताबिक बघई ने कहा कि यूरोपीय देशों के इस गैरजिम्मेदाराना रवैये से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी इमेज और स्थिति मजबूत होने के बजाय और कमजोर होगी।

## राम मंदिर दान पर बोले सलमान खुर्शिद, क्या इससे बड़ी कोई त्रासदी होगी? सरकार से मांगी जवाबदेही



कांग्रेस के सीनियर नेता सलमान खुर्शीद ने मंगलवार को अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित हेराफेरी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। खुर्शीद ने ज़ोर देकर कहा कि यह मामला गहरी आस्था और जनता के भरोसे से जुड़ा है, और सरकार को इसके लिए ज़िम्मेदार लोगों को सज़ा देकर एक मिसाल कायम करनी चाहिए। एएनआई से बात करते हुए, सलमान खुर्शीद ने राम जन्मभूमि मामले पर सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले पर अपनी पुरानी बात दोहराई।

उन्होंने कहा, 'क्या इससे बड़ी कोई त्रासदी हो सकती है? अब, सही क्या था, इस बारे में देश या राज्य में अलग-अलग राय हो सकती है। लेकिन आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने इस पर फैसला सुनाया। मैंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समर्थन किया है। अब मंदिर बन चुका है। लोग पैसे दान कर रहे हैं। अब, यह किसकी संपत्ति है? यह भगवान राम की संपत्ति है। कांग्रेस के सीनियर नेता ने कहा कि लाखों भक्तों के भरोसे को तोड़ने वालों को सज़ा देकर मंदिर की पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, 'मेरा मानना है कि अगर सरकार को भगवान राम में ज़रा भी आस्था है, तो वह सबसे पहले उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी जिन्होंने ऐसा किया है। यह बात अयोध्या से स्क्र के पूर्व विधायक पवन पांडे के आरोपों के बाद सामने आई है, जिन्होंने दावा किया था कि राम मंदिर के लिए मिले दान में से ?7 करोड़ से ?7.5 करोड़ का गबन किया गया। इन आरोपों के बाद, 14 जून को राज्य सरकार ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के अनुरोध पर राम मंदिर में चढ़ाए गए दान से जुड़े कथित घोटाले की जांच के लिए तीन सदस्यीय स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) का गठन किया।

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में कथित वित्तीय गड़बड़ियों की कोर्ट की निगरानी में जांच कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की गई है। याचिका में एफआईआर दर्ज करने और सेंट्रल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (CBI) के तहत एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) बनाने की मांग की गई है, ताकि ट्रस्ट के कामकाज और प्रशासन से जुड़ी कथित गायब धनराशि, वित्तीय गड़बड़ियों, कुप्रबंधन और अन्य अनियमितताओं की जांच की जा सके। वकील अजय कुमार राय और दिनेश कुमार यादव द्वारा दायर याचिका में ट्रस्ट और उत्तर प्रदेश सरकार को सभी फिजिकल, डिजिटल और वित्तीय रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। इनमें डोनेशन रजिस्टर, ऑडिट रिपोर्ट, CCTV फुटेज, बैंक रिकॉर्ड और ट्रस्ट के डोनेशन व संपत्ति की प्राप्ति, अकाउंटिंग और इस्तेमाल से जुड़े अन्य दस्तावेज़ शामिल हैं। इसमें ट्रस्ट और सरकार को इस मामले से जुड़े किसी भी रिकॉर्ड, संपत्ति, फंड, दस्तावेज़ या इलेक्ट्रॉनिक डेटा को नष्ट करने, बदलने, उसमें छेड़छाड़ करने, ट्रांसफर करने या किसी अन्य तरह से इस्तेमाल करने से रोकने के निर्देश देने की भी मांग की गई है।

सुप्रीम कोर्ट से दखल देने की मांग करते हुए याचिका में कहा गया है कि संस्थागत ईमानदारी बनाए रखने, कानून के शासन को कायम रखने और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रशासन और प्रबंधन में जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए कोर्ट का दखल ज़रूरी हो गया है। याचिका में यह भी कहा गया है कि चल रही स्क्ब्र जांच का दायरा स्पष्ट नहीं है और आपराधिक जांच के शुरुआती चरण सबूतों को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। इसमें चेतावनी दी गई है कि किसी भी देरी से अहम सबूतों के साथ छेड़छाड़ हो सकती है और समय पर जांच के उपायों में बाधा आ सकती है। याचिका में तर्क दिया गया है कि ऐसे उपाय SIT की शुरुआती जांच के दायरे से बाहर हो सकते हैं, और सच्चाई का पता लगाने तथा कोई गड़बड़ी साबित होने पर जवाबदेही तय करने के लिए एक स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

## लखनऊ अग्निकांड में 15 मौतें, बिल्डिंग ढहाई जाएगी

### यूपी के 20 शहरों के कोचिंग सेंटर्स में छापेमारी, 33 सील; बेटी का शव देखकर मां बेहोश




**लखनऊ एजेन्सी।** लखनऊ की कोचिंग में आग लगने की घटना में अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार सुबह 11 बजे हादसे की जांच के लिए SIT और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने बिल्डिंग की जांच की। SIT टीम में IPS प्रवीण कुमार और ढ्ढस् अमृत अभिजात शामिल हैं।

शवों का 7 घंटे तक पोस्टमॉर्टम चला। शव परिजन को सौंप दिए गए। पश्चिम बंगाल की अनामिका (30) का शव देखकर पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंची मां बेहोश हो गई।

जांच में पता चला है कि जिस बिल्डिंग में आग लगी, वह अवैध थी। 2016 में गिराने का आदेश हुआ था। बाद में आदेश निरस्त कर दिया गया। लखनऊ विकास प्राधिकरण (LDA) के वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया- बिल्डिंग मालिक को नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब मांगा है। बिल्डिंग पर बुलडोजर चलेगा।

बिल्डिंग रामेश्वरम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज के मालिक वीरेंद्र शुक्ला की है। पुलिस ने गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर वीरेंद्र समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। स्ठ के 6 अफसर सस्पेंड कर दिए गए हैं। 14 अफसरों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

इधर, अग्निकांड के बाद प्रदेश के 20 से ज्यादा शहरों में कोचिंग-होटलों में पुलिस छापेमारी कर रही है। अब तक 33 कोचिंग और 3 होलट सील कर दिए गए हैं। इनमें फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे।

## 6 साल बाद बदले अंदाज में लौटा भारत-चीन व्यापार

### पहली खेप में 26 पास जारी; इस बार सड़क से लिपुलेख तक पहुंचेंगे व्यापारी



**नई दिल्ली एजेन्सी।** छह साल बाद भारत-तिब्बत सीमा व्यापार नए स्वरूप में लौट रहा है। पहली बार व्यापारी सड़क मार्ग से वाहनों के जरिए लिपुलेख दर्रे के नजदीक तक पहुंच सकेंगे।इसी बीच प्रशासन ने व्यापार की पहली खेप में 26 ट्रेड पास जारी कर दिए हैं, जिनमें 17 व्यापारी और नौ सहायक शामिल हैं। गुंजी में कस्टम कार्यालय और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं भी शुरू कर दी गई हैं। धारचूला के एसडीएम आशीष जोशी ने बताया कि व्यापारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए तैयार हो चुके परमिट तत्काल जारी कर दिए गए हैं। इस वर्ष सीमा व्यापार के लिए कुल 103 आवेदन मिले हैं। शेष आवेदनों की जांच के बाद अगले दो-तीन दिनों में 25 से 30 और पास जारी किए जाएंगे। सीमा व्यापार दोबारा शुरू होने का सबसे बड़ा फायदा सीमांत क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था, स्थानीय रोजगार और छोटे कारोबारों को होगा।

**युवाओं-महिला व्यापारियों की बढ़ी भागीदारी**

एसडीएम आशीष जोशी ने बताया कि इस वर्ष सीमा व्यापार में युवाओं की भागीदारी बढ़ी है। नवयुवक व्यापारी के रूप में सुनील गर्ब्याल सहित एक महिला व्यापारी भी इस व्यापारिक गतिविधि से जुड़ने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत-तिब्बत सीमा व्यापार के पुनः संचालन से सीमांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। साथ ही स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ने की उम्मीद है।

## दिल्ली में 11 साल की मासूम से रेप, फिर हत्या:फुटपाथ से सोते वक्त उठा ले गया था टैक्सी ड्राइवर, गुब्बारे बेचती थी बच्ची



**नई दिल्ली एजेन्सी।** दिल्ली में गुब्बारे बेचने वाली 11 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या कर दी गई। सोमवार की सुबह फुटपाथ पर सो रही बच्ची का टैक्सी ड्राइवर ने किडनैप किया था। इसके बाद उसने उसका रेप किया और हत्या कर लाश महरौली के जंगलों में फेंक दी थी।

सोमवार की सुबह करीब 6 बजे परिवार ने PCR कॉल के जरिए महरौली थाने में बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने CCTV फुटेज और ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से चार घंटे में ही बबलू नाम के टैक्सी ड्राइवर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बच्ची का शव बरामद कर लिया है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

**गुब्बारे बेचती थी बच्ची**

आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि सड़क से गुजरते समय उसने सीडीआर चौक के पास फुटपाथ पर बच्ची को सोते हुए देखा था। उसने नींद में ही बच्ची को उठाया और कार की पिछली सीट पर लिटाकर महरौली के जंगलों में ले गया था, जहां उसने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित परिवार फुटपाथ पर ही सोता था। बच्ची गुब्बारे बेचती थी, जबकि माता पिता दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। परिवार में चार बच्चे हैं, जिसमें ये 10 साल की बच्ची भी शामिल थी।

**पीड़ित परिवार और आरोपी बिहार के रहने वाले**

महरौली पुलिस थाने से मिली जानकारी के मुताबिक, पीड़ित परिवार मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। परिवार पहले किराए पर रहता था। गरीबी के चलते किराया नहीं दे पाए तो घर खाली करना पड़ा। इसके बाद परिवार फुटपाथ पर ही रहने लगा था।

वहीं, एप बेस्ड कैब चलाने वाला आरोपी ड्राइवर भी बिहार का ही रहने वाला है। उसके ऊपर पहले से भी मारपीट और नशे में टैक्सी चलाने के कुछ मुकदमे दर्ज हैं।

## भरत एनकाउंटर पर अनिरुद्धाचार्य बोले-सरकार को जनता पापी कहेगी: शरण में आए व्यक्ति को मारना पाप है; गौ-ब्राह्मण हत्या से बचना चाहिए

**नई दिल्ली एजेन्सी।** 17 जून को भोजपुर में भरत तिवारी एनकाउंटर को लेकर पुलिस के रवैये पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। अब कथावाचक अनिरुद्धाचार्य ने भी भरत एनकाउंटर पर बिहार सरकार को घेरा है।

उन्होंने कहा, 'जनता की हत्या करना किसी भी राजा के लिए पाप है। इस हाल में जनता आपको पापी राजा कहेगी। भरत ने किसी की हत्या नहीं की थी, अगर की होती तो एनकाउंटर कीजिए। गौ और ब्राह्मण हत्या से बचना चाहिए। किसी भी हत्या से बचना चाहिए। हर साल उसका गांव बाढ़ में डूब जाता था। वह अपने गांव की रक्षा के लिए नेताओं-अफसर से मिन्नतें कर रहा था।

**अनिरुद्धाचार्य ने कहा-**

नेताओं को समझना चाहिए कि वे जनता से वोट लेते हैं। अगर वोट लेने के बाद उसी जनता को दबाना और मारना शुरू कर देंगे, तो यह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। सरकार ये ठीक नहीं कर रही।

**भरत ने अपराध के मकसद से हथियार नहीं उठाया है**




अनिरुद्धाचार्य ने आगे कहा, 'उस युवक ने किसी की हत्या करने या अपराध करने के मकसद से हथियार नहीं उठाया था। वह अपने इलाके और समाज का काम करवाने के लिए अधिकारियों के पास गया था, लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गई।

ऐसे में उसने विरोध का रास्ता अपनाया। इसके बावजूद पुलिस ने उसे मार डाला। जब हम में से किसी की बात नहीं सुनी जाएगी तो कोई न कोई व्यक्ति आगे आएगा ही।'

कथावचक ने कहा, 'यदि कोई व्यक्ति आतंकवादी है या उसने कई हत्याएं की हैं, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में किसी को आपत्ति नहीं हो सकती। अगर कोई आतंकवादी है, बड़ा अपराधी है, उसने 10-20 हत्याएं की हैं तो उसके खिलाफ कार्रवाई कीजिए।'

उन्होंने ये भी कहा कि लोगों को गौ हत्या और ब्राह्मण हत्या से बचना चाहिए।

**ADG लॉ एंड ऑर्डर बोले- चूक हुई है**

इधर, सोमवार को ADG (लॉ एंड ऑर्डर) सुधांशु कुमार ने कहा कि भरत तिवारी का जो मुठभेड़ मामले में दो स्नढ्ढक्र दर्ज की गई है। गोली चलाने का निर्देश किसने दिया, इन सारी बातों का जिक्र स्नढ्ढक्र में है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में लापरवाही सामने आई है कि जब पहली बार यानी 16 जून को पुलिस पदाधिकारी भरत तिवारी के घर गए, उसे पुलिस पदाधिकारियों ने ठीक से हैंडल नहीं किया, टाइमली उसे काबू में नहीं ला सके।

## केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन का इस्तीफा

### 21 जून को राज्यसभा कार्यकाल खत्म हुआ था; भाजपा ने दोबारा उम्मीदवार नहीं बनाया

**नई दिल्ली एजेन्सी।** केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को कुरियन के इस्तीफे की जानकारी दी। प्रेस रिलीज में बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पीएम नरेंद्र मोदी की सलाह पर उनका इस्तीफा स्वीकार किया है।

हालांकि, इस्तीफे की वजह नहीं बताई गई है। 65 साल के कुरियन मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद पर थे। वे अगस्त 2024 से मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद थे।

बतौर राज्यसभा सांसद 21 जून को ही उनका कार्यकाल खत्म हुआ था। भाजपा ने उन्हें फिर से उम्मीदवार नहीं बनाया था। कुरियन केरल में भाजपा के सीनियर नेताओं में एक हैं। माना जा रहा है कि हाल ही में केरल विधानसभा चुनावों में पार्टी के उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन न करने की वजह से उन्हें फिर से मौका नहीं मिला।



**मोदी-शाह के भाषणों को ट्रांसलेट करते थे कुरियन**

कुरियन केरल के प्रमुख ईसाई संप्रदाय सीरो-मालाबार कैथोलिक चर्च से आते हैं। वे टीवी डिबेट्स में भाजपा का प्रमुख चेहरा रहे हैं। कुरियन केरल दौरों के दौरान पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के भाषणों का मलयालम में ट्रांसलेशन भी करते रहे हैं।

2024 में मोदी 3.0 सरकार में उनकी नियुक्ति को केरल में ईसाई समुदाय के बीच भाजपा की पकड़ मजबूत करने की रणनीति के तौर पर देखा गया था। हालांकि, मई 2026 के केरल विधानसभा चुनाव में 140 में से BJP को सिर्फ 3 सीटों पर जीत मिली थी।

# जिले के 1 हजार 677 वरिष्ठ नागरिक रेलमार्ग से और 205 हवाईमार्ग से करेंगे धार्मिक स्थलों की यात्रा

## जिला कलक्टर और जिला स्तरीय चयन समिति अध्यक्ष श्री निशान्त जैन ने निकाली लॉटरी

**बीकानेर, (खबर आस पास)।** वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2026 के तहत इस बार जिले के 1 हजार 677 तीर्थयात्रियों को रेल मार्ग तथा 205 को हवाई मार्ग से विभिन्न धार्मिक स्थलों की यात्रा करवाई जाएगी।

जिला स्तरीय चयन समिति के अध्यक्ष तथा जिला कलक्टर श्री निशांत जैन ने मंगलवार को इसकी ऑनलाइन लॉटरी निकाली। इस दौरान जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती शैलजा पांडे, प्रशिक्षु आईएएस श्री मनु गर्ग, पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक श्री अनिल राठौड़, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध, कोषाधिकारी श्री धीरज जोशी, एसीपी श्री गौरव भाटिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलक्टर ने बताया कि इस बार प्रदेश के 50 हजार वरिष्ठ नागरिकों को रेल मार्ग और 6 हजार को वायु मार्ग से निर्धारित स्थलों पर यात्रा करवाई जाएगी। वहीं जिले के 1 हजार 882 वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना के तहत यात्रा करवाई जाएगी। यात्रा कार्यक्रम का निर्धारण आगामी दिनों में किया जाएगा।

जिला कलक्टर ने बताया कि इस बार हरिद्वार-ऋषिकेश-आयोध्या-वाराणसी-सारनाथ, सम्मेदशिखर-पावापुरी-वाराणसी-सारनाथ, मथुरा-वृंदावन-बरसाना-आगरा-अयोध्या, द्वारकापुरी-नागेश्वर-सोमनाथ, तिरूपति-पद्मावति, कामाख्या-गुवाहाटी, गंगासागर-कोलकाता, जगन्नाथपुरी-कोणार्क, रामेश्वरम्-मदुरई, वैष्णोदेवी-अमृतसर-वाघा बोर्डर, गोवा के मंदिर एवं अन्य स्थल चर्च आदि, महाकालेश्वर, उज्जैन-ओंकारेश्वर-त्रायम्बकेश्वर-घृष्णेश्वर-एलोरा, बिहार-शरीफ, श्री हूजुर साहिब, नांदेड़, महाराष्ट्र और पटना बिहार की यात्रा रेलमार्ग से करवाई जाएगी। वहीं हवाई जहाज द्वारा पशुपतिनाथ-काठमांडू (नेपाल) की यात्रा करवाई जाएगी।

देवस्थान विभाग निरीक्षक श्रीमती सोनिया रंगा ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश के मूल निवासी वरिष्ठ नागरिकों (60 साल या अधिक आयु के व्यक्ति) को उनके जीवन काल में एक बार निर्धारित तीर्थ स्थानों में से किसी एक स्थान पर पूर्णतया निःशुल्क यात्रा करवाने की यह योजना वर्ष 2013 से चलाई जा रही है। वर्ष 2016 से इसमें हवाई यात्रा को सम्मिलित किया गया। गत वर्ष सभी वरिष्ठ नागरिकों को वातानुकूलित रेलगाड़ी में यात्रा करवाई गई।

सहायक आयुक्त श्री गौरव सोनी ने बताया कि चूरू जिले की लॉटरी बुधवार को चूरू कलेक्ट्रेट में निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि यह योजना पूर्णतया निःशुल्क है। इसमें चयन के लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नही लिया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील है कि इसके लिए किसी को किसी प्रकार का शुल्क नहीं दें। किसी भी जानकारी के लिए देवस्थान विभाग के कार्यलय या ईमेल पर सम्पर्क किया जा सकता है। इस दौरान श्री महेश शर्मा, श्री गोपाल आचार्य, श्री रितेश श्रीमाली और श्री संदीप सहित देवस्थान विभाग के कार्मिक मौजूद रहे।

# ऑर्थोबायोलॉजिक्स चिकित्सा पद्धति से हो रहे हैं क्रांतिकारी परिवर्तन - डॉ. अजय कपूर



(खबर आस पास)

**बीकानेर ।** चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में तकनीक और शोध में पिछले कुछ दशकों में क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं । हड्डी रोग के क्षेत्र में ऑर्थो बायोलॉजिकल एक ऐसे ही आधुनिक तकनीक के रूप में उभरी है जिसने उपचार के पारंपरिक तरीकों को पूरी तरह से बदल दिया है। यह न केवल हड्डियों और जोड़ों की समस्याओं के समाधान में सहायक है, बल्कि शरीर की अपनी प्राकृतिक उपचार क्षमता का उपयोग करके रिकवरी की प्रक्रिया को तेज करती है।डॉ. अजय कपूर प्रभारी ह्ळक्रष्ट ट्रॉमा सेंटर ओपीडी, बीकानेर ने बताया कि ऑर्थोबायोलॉजिक्स वे जैविक पदार्थ है जिनका उपयोग हड्डियों, मांसपेशियों, टेंडन और लिंगममेट की चोटों को तेजी से ठीक करने के लिए किया जाता है ये पदार्थ शरीर के प्राकृतिक ऊतकों से प्राप्त किए जाते हैं । सरल शब्दों में कहे तो यह तकनीक शरीर के स्वस्थ सेल का उपयोग करके क्षतिग्रस्त हिस्से को पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया है । इसमें रोगी के ही रक्त को लेकर उसे सेंट्रीफ्यूज किया जाता है जिससे प्लेट्स की सांद्रता बढ़ जाती है । इसे चोटिल स्थान पर इंजेक्ट किया जाता है । स्टेम सेल्स शरीर की वह कोशिकाएं है जो किसी भी अन्य कोशिका का रूप ले सकती है इन्हें आमतौर पर बोन मैरो या फट टिशु से लिया जाता है । कई मामलों में जहां पहले सर्जरी अनिवार्य थी अब ऑर्थोबायोलॉजिक्स के माध्यम से बिना चीर फाड़ के उपचार संभव हो पा रहा है । चूंकि इसमें मरीज के अपने सेल्स का उपयोग होता है इसलिए एलर्जी या बाहरी संक्रमण का खतरा ना के बराबर होता है । ओस्टियोआर्थराइट्स गठिया और टेनिस एल्बो जैसी पुरानी समस्याओं में यह तकनीक अत्यधिक प्रभावी सिद्ध हुई है । एथलीट और खिलाड़ियों के लिए यह वरदान है क्योंकि इसमें लिगामेंट की चोटे बहुत जल्दी ठीक होती है यद्यपि ऑर्थोबायोलॉजिक्स एक आशाजनक तकनीक है लेकिन इसकी लागत और हर ब्रिज पर इसके अलग-अलग प्रभाव अभी भी शोध का विषय है भारत जैसे देश में इसकी उपलब्धता और जागरूकता बढ़ाना एक बड़ी चुनौती है । भविष्य में जैसे-जैसे रीजेनरेटिव मेडिसिन का विकास होगा, आर्थिक बायोलॉजिक्स हड्डी रोग चिकित्सा का मुख्य आधार बन जाएगा । ऑर्थो बायोलॉजी में हड्डी रोग विज्ञान में एक नया आयाम स्थापित किया है यह इलाज से आगे बढ़कर पुनर्जीवन की अवधारणा पर कार्य करता है । आधुनिक जीवन शैली के कारण बढ़ते जोड़ों के दर्द और खेलकूद की चोटों के लिए यह तकनीक एक सुरक्षित और प्रभावी समाधान पेश करती है आने वाले समय में यह चिकित्सा पद्धति स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होगी बीकानेर के पीबीएम अस्पताल ट्रॉमा सेंटर विभाग में संचारित हो रही यह प्रदेश की प्रथम ह्ळक्रष्ट मैं मरीजों पर शोध कार्य एवं इस पद्धति द्वारा इलाज से बहुत क्रांतिकारी लाभ हो रहा है ।

# अल्पसंख्यक छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा संचालित अल्पसंख्यक छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी 15 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कुमार कालवा ने बताया कि जिले में बीकानेर एवं खाजूवाला में बालक छात्रावास तथा बीकानेर में बालिका छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। इनमें मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन एवं पारसी समुदाय के कक्षा 9 से उच्चतर कक्षाओं तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थी प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को निःशुल्क आवास एवं भोजन के साथ दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री तथा प्रतिमाह 3135 रुपये का स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा। छात्रावासों का संचालन 1 अगस्त 2026 से प्रारंभ होगा तथा प्रथम प्रवेश सूची 31 जुलाई तक जारी की जाएगी। रिक्त सीटें रहने पर अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को भी प्रवेश दिया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि बीकानेर जिला मुख्यालय पर अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 6 से 8 तक संचालित आवासीय विद्यालय में भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यहां विद्यार्थियों को निःशुल्क भोजन, आवास, गणवेश, स्टेशनरी तथा स्टाइपेंड सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट एवं संबंधित छात्रावासों अथवा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय, बीकानेर से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं।

# राजस्थान में लागू होगा यूसीसी, सरकार ने बनाई कमेटी

## एक से ज्यादा शादी नहीं कर सकेंगे, लिव-इन का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा; संपत्ति में बेटा-बेटी को समान अधिकार।

(खबर आस पास)

**जयपुर।** राज्य सरकार ने प्रदेश में यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। विधेयक का प्रारूप तैयार करने के लिए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। राजस्थान विधानसभा से विधेयक पास होने के बाद कानून का रूप लेगा। इसके बाद प्रदेश में किसी भी धर्म का व्यक्ति एक से ज्यादा शादी नहीं कर पाएगा। लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वालों को अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कराना होगा। पैतृक संपत्ति में बेटा-बेटी को समान अधिकार मिलेंगे। शादी और तलाक का रजिस्ट्रेशन करना भी अनिवार्य होगा। हालांकि नए कानून के दायरे में स्थानीय जनजातियों को उनकी संस्कृति और संवैधानिक अधिकारों के तहत बाहर रखा जा सकता है। राजस्थान सरकार में कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने सोमवार को सचिवालय के मंत्रालयिक भवन में यह जानकारी दी। उनके साथ गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम भी मौजूद थे।

# बीकानेर पुलिस की बड़ी कार्रवाईः हार्डकोर अपराधी आवेश खाना गिरफ्तार, डेढ़ दर्जन मामले दर्ज

**बीकानेर (खबर आस पास)।** बीकानेर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चयनित हार्डकोर अपराधी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसपी मुदूल कच्छावा के निर्देशन में कोटगेट पुलिस ने थानाधिकारी धीरेन्द्र शेखावत की टीम ने की है। पुलिस टीम ने स्पेशल टीम के प्रभारी सुरजीत सिंह व थानाधिकारी धीरेन्द्र ड्क्षसह द्वारा संयुक्त रूप से टीम का गठन किया। पुलिस ने अक्टूबर 2025 के मामले में वांछित चल रहे हार्डकोर आवेश खाना पुत्र गुलाम मुस्तफा निवासी बागीनाड़ा मंदिर केरप ास को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आवेश कोटगेट थाने का एचएस व जिला स्तर का हार्डकोर अपराधी है जो कि गैंग बनाकर सिंडिकेट के रूप में अपराध करने का आदि है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ जयपुर में फिरौती का प्रकरण दर्ज है। जिसमें गिरफ्तारी भी की गयी थी। आरोपी गैंग बनाकर जबरन वसूली, फायरिंग कर डराने, धमकाने के कई मामले में मामले दर्ज है। आवेश के खिलाफ विभिन्न थानों में डेढ़ दर्जन प्रकरण दर्ज है। जिनमें 6 मुकदमें कोटगेट, 4 जेएनवीसी, 3 सदर थाने, 1 बीछवाल, 1 जयपुर,3 कोतवाली थाने में दर्ज है।

# पंचायतीराज व निकाय चुनाव पर 'वेट एंड वॉच', सितंबर-अक्टूबर तक टल सकते हैं

(खबर आस पास)

**बीकानेर।** राजस्थान में पंचायतीराज और शहरी निकाय चुनाव को लेकर 'वेट एंड वॉच' की स्थिति बनी हुई है। 31 जुलाई तक चुनाव कैसे होंगे, इस पर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। जानकारों के मुताबिक राज्य सरकार बारिश के मौसम को देखते हुए चुनाव टालने की मांग कर सकती है। कई जगह अतिवृष्टि की आशंका के चलते जुलाई में चुनाव मुनासिब नहीं माने जा रहे। ऐसे में सितंबर-अक्टूबर तक समय देने की गुजारिश हो सकती है।राज्य निर्वाचन आयोग का रुख है कि जब भी राज्य सरकार आरक्षण तय करके देगी, उसके 3 महीने के भीतर चुनाव करवा दिए जाएंगे। फिलहाल गेंद राज्य सरकार के पाले में है। आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही चुनावी तारीखों पर तस्वीर साफ होगी।

# श्रीडूंगरगढ़ मे महेश नवमी बडे धूमधाम से उत्साह पूर्वक मनाई गई



**श्रीडूंगरगढ़ बीकानेर तोलाराम मारू।** श्रीडूंगरगढ़ माहेश्वरी सेवा सदन, आड़सर बास में महेश नवमी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भगवान महेश की विद्वान पंडित विष्णुदत्त शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण कर पूजा शुरू की गई एवं इस पूजा-अर्चना मे समाज सेवी बाबूलाल जी लखोटिया (सपत्नीक) द्वारा की गई। अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के मंडल सदस्य रामचन्द्र राठी ने समाज की उत्पत्ति के बारे में बहुत ही अच्छी जानकारी बताई। श्रीडूंगरगढ़ माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष नारायण कलाणी ने कहा कि सभी संकल्प लें कि समाज में प्रेम, एकता, सहयोग और संस्कारों को और अधिक सशक्त बनावें, ताकि नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली संस्कृति से जोड़ा जा सके। माहेश्वरी सेवा सदन के मंत्री राधेश्याम तापड़िया ने सभी जनो का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में हमें शामिल होना चाहिए।

पूजा में समाज के बहुत बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे,
चांद रतन राठी
मांगीलाल राठी
मोहनलाल कलाणी
शिव भगवान मूंधड़ा
मदन राठी
लक्ष्मीनारायण लोहिया
सुशील डागा
नन्दलाल लखोटिया
सुरेश तापड़िया
राजेन्द्र प्रसाद राठी
चन्द्रकान्त लखोटिया
महावीर लखोटिया
विमल बलदेवा
राजू झंवर
अशोक करनाणी
हनुमान राठी
मनोज राठी
श्रीकिशन सोमानी
श्री भगवान लखोटिया
विनोद सोमानी
भागीरथ गांधी
ऋषि राठी सहित अनको पुरुष मातृशक्ति ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

महेश नवमी की पूर्व संध्या पर एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा बैंड-बाजे, मनमोहक झांकियों, रथ और घोड़ियों के साथ कालू बास माहेश्वरी भवन से रवाना हुई।

मुख्य मार्गो से होते हुए और आड़सर बास माहेश्वरी सेवा सदन से गुजरते हुए, इस यात्रा का समापन बिग्गा बास के महेश भवन में हुआ। रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। जय महेश के जय घोष से सम्पूर्ण शहर गुंजायमान हो गया।

# योग एवं खेलकूद संस्कार शिविर के प्रतिभागी बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से दिया नशामुक्ति एवं स्वच्छता का संदेश



(खबर आस पास)

**बीकानेर।** भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति एवं युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में बाबा रामदेव पार्क में ग्रीष्मकालीन अवकाश में चल रहे निशुल्क योग एवं खेलकूद संस्कार शिविर में सोमवार को बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चों सहित बड़े बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अधिकांश बच्चों ने 'नशामुक्त बीकानेर' एवं 'स्वच्छ भारत अभियान' विषय पर आकर्षक चित्र बनाकर समाज को नशे से दूर रहने, स्वच्छता अपनाने तथा स्वस्थ जीवन जीने का प्रेरक संदेश दिया। वहीं कुछ नन्हे प्रतिभागियों ने अपनी कल्पनाशक्ति के अनुरूप तिरंगा, प्रकृति, पर्यावरण एवं अन्य प्रेरणादायक विषयों पर भी चित्र बनाकर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। कई बच्चों के लिए यह चित्रकला प्रतियोगिता का पहला अनुभव था, फिर भी उन्होंने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिविर संयोजक नंदकिशोर गहलोत ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में रचनात्मक सोच,आत्मविश्वास, सामाजिक चेतना तथा राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास करते हैं। योग, खेलकूद, संस्कार एवं सृजनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास का सतत प्रयास किया जा रहा है। उमेश व्यास ने बच्चों को देशभक्ति गीतों से प्रेरित किया। इस अवसर पर नरेंद्र सुथार, भवानी शंकर सांखला, विकास जोशी, नत्थूराम कच्छावा, महावीर सारस्वत, विष्णु,शोभा कच्छावा, ऋतु जोशी, करिश्मा,योगिता, तुलसी, टीना नायक सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## बुधवार को कई इलाकों में तीन घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी

**बीकानेर (खबर आस पास)।** बीकानेर शहर के निम्न क्षेत्रों में विद्युत तंत्र के अति-आवश्यक उपरोक्त कार्य के दौरान 24 जून को सुबह 6 से 9 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। डूडी फैक्ट्री, शास्त्री स्कूल, स्टेशन रोड, लालगढ़, गली नंबर 1 से 16, रेलवे मस्जिद के सामने, आरसीडीएफ मेन, काजरी फार्म हाउस, छाता फैक्ट्री, रामपुरा गली नंबर 1 से 20, भीम नगर, रामपुरा बाइपास रोड, लाल खा की बाड़ी, रामप्रताप भवन, दीपजी की बाड़ी, गली नंबर 2, चौधरी कारखाना, बीज प्लांट, छाता फैक्ट्री के पीछे, उस्मान पापड़, सरकारी अस्पताल, एम.पी. कॉलोनी सेक्टर 9 से 17, उन मंडी, पूगल रोड ब्रिज, एमपी कॉलोनी सेक्टर-5, रामपुरा बाईपास, रंगोली फैक्ट्री, लालगढ़ स्टेशन, एमपी कॉलोनी सेक्टर 3 और 4, कबीर आश्रम, सर्वोदय बस्ती, ओड्डो का मोहल्ला, रेलवे वर्कशॉप, गली नंबर 23, राजीव नगर, सर्वोदय बस्ती सेक्टर 6 से 10, एम.पी. कॉलोनी सेक्टर 1, 2, 6, 7 व 8 का क्षेत्र। सुबह 7 से 9 बजे तक सादुलगंज का क्षेत्र।

# नियमित योग एवं ध्यान शिविर का शुभारंभ : भीखमचंद पुगलिया



**श्री डूंगरगढ़, (खबर आस पास)।** तुलसी सेवा संस्थान हॉस्पिटल, श्री डूंगरगढ़ के महाप्रज्ञ प्रेक्षाध्यान सभागार भवन में नियमित योग एवं ध्यान शिविर का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। संस्था अध्यक्ष भीखमचंद पुगलिया ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आमजन को योग, प्राणायाम, प्रेक्षाध्यान एवं प्राकृतिक जीवनशैली के प्रति जागरूक कर स्वस्थ, निरोगी एवं तनावमुक्त जीवन की प्रेरणा देना है।

मुख्य योग प्रशिक्षक के रूप में पिछले चार वर्षों से नियमित सेवाएं दे रहे राजस्थान योग प्रशिक्षक महासंघ के प्रदेश संरक्षक, ओम योग सेवा संस्था श्री डूंगरगढ़ के निदेशक तथा बालिका स्वाध्याय निःशुल्क लाइब्रेरी श्री डूंगरगढ़ के संस्थापक योगगुरू ओम कालवा ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार होता है। योग के माध्यम से मोटापा, मधुमेह, उच्च एवं निम्न रक्तचाप, थायरॉइड, कमर दर्द, सर्वाइकल, जोड़ों का दर्द, माइग्रेन, अनिद्रा, तनाव तथा अन्य जीवनशैली संबंधी समस्याओं में लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि शिविर प्रतिदिन प्रातः 6:00 बजे से 7:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसमें योग, प्राणायाम, ध्यान एवं प्राकृतिक जीवनशैली से संबंधित उपयोगी जानकारी प्रदान की जाएगी। शिविर में महिला, पुरुष, छात्र-छात्राएं एवं सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं।

इस अवसर पर कस्बे के गणमान्य योग प्रेमी हरिप्रसाद भादु एवं भादु परिवार की छात्राएं, रामधन मीणा, रामरख बिस्सू, ममता रोलण, बलराम बेनीवाल, विष्णु शर्मा, दिनेश भांभू, योगिता कालवा, एकता शर्मा, कौशल्या कलवानिया, श्याम कलवानिया तथा सोशल मीडिया पर चर्चित सपाटे किंग राजस्थानी टार्जन योगानंद कालवा उपस्थित रहे।

संस्था अध्यक्ष भीखमचंद पुगलिया, मंत्री धर्मचंद धाडेवा एवं प्रशासक सूर्य प्रकाश गांधी ने अधिक से अधिक लोगों से नियमित योग शिविर का लाभ उठाने की अपील की।

# मानस पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1933 का संचालन शुरू

**बीकानेर (खबर आस पास)।** नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी, बिक्री एवं अन्य अवैध गतिविधियों की रोकथाम तथा आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से भारत सरकार के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा विकसित मानस पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1933 का संचालन शुरू किया गया है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) उम्मेद सिंह रतनू ने बताया कि जिले में संचालित विभिन्न प्रचार-प्रसार गतिविधियों के माध्यम से मानस पोर्टल और हेल्पलाइन 1933 की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने बताया कि मानस पोर्टल पर नागरिक नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी, अवैध बिक्री तथा नशे से संबंधित अन्य गैरकानूनी गतिविधियों की शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

# मोमासर में 61 लाख रुपये की लागत से बनेगा गौड़ विप्र समाज का भवन, उद्योगपति के.एल. जैन ने दी स्वीकृति

(खबर आस पास)

**श्रीडूंगरगढ़/मोमासर।** उपखंड श्रीडूंगरगढ़ के ग्राम मोमासर में गौड़ विप्र समाज के अतिथि भवन के विस्तार का कार्य जल्द शुरू होगा। भवन के प्रथम तल के निर्माण पर करीब 61 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे, जिसकी स्वीकृति प्रमुख उद्योगपति एवं भामाशाह के.एल. जैन (नई दिल्ली) ने प्रदान की है। गौड़ विप्र समाज मोमासर के अध्यक्ष विद्याधर शर्मा ने बताया कि रविवार को समाज का सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल उनके नेतृत्व में नई दिल्ली में उद्योगपति के.एल. जैन से मिला और भवन विस्तार की आवश्यकता से अवगत कराया। इस पर उन्होंने समाज की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए 61 लाख रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की।

**समाज ने जताया आभार**

स्वीकृति मिलने के बाद समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें के.एल. जैन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। समाज की ओर से उन्हें धन्यवाद संदेश भी प्रेषित किया गया।

**भवन निर्माण समिति का गठन**

अध्यक्ष विद्याधर शर्मा ने बताया कि भवन निर्माण कार्य के लिए समिति का गठन कर दिया गया है तथा निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

**पहले भी करवा चुके हैं कई विकास कार्य**

उल्लेखनीय है कि ग्राम मोमासर में उद्योगपति के.एल. जैन के आर्थिक सहयोग से पूर्व में भी कई विकास कार्य संपन्न हो चुके हैं। समाजजनों ने उम्मीद जताई कि नए भवन के निर्माण से सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।